# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 11.05.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **नवीन सभागार पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई बैठक । पुलिस पेंशनर्स की समस्याएँ सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए निर्देश । पुलिस पेंशनर्स से लिए गए आवश्यक सुझाव ।**

**विवरण**- श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस द्वारा आज दिनांक 11.05.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल और अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज की उपस्थिति में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई । बैठक में मण्डल के चारों जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया । बैठक के दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । बैठक में पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही सवेरा योजना के बारे में जानकारी दी गई । सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है जिसके अन्तर्गत पंजीकृत सभी वरिष्ठ नागरिकों किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है । बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं ।

बैठक के दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स से आवश्यक सुझाव लेते हुए परिक्षेत्र  के चारों जनपदों निम्नलिखित निर्देश दिए गए-

- पुलिस पेंशनर्स के लिए पुलिस कार्यालय या पुलिस लाइन में एक स्थायी कार्यलाय की स्थापना की जाए ।
- पुलिस पेंशनर्श कार्यालय को कम्प्यूटर सिस्टम, फर्नीचर तथा अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई जाए ।
- चारों जनपदों में नियमित रुप से पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित कर पुलिस पेंशनर्स की शिकायतें व सुझाव लिए जाएं ।
- पुलिस पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, यात्रा भत्ता आदि समय से बरामद हो ।

बैठक के दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स के मण्डलीय संयोजक तथा जनपद बांदा के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह कछवाह, महासचिव श्री जयकरन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही तीन वरिष्ठ पुलिस पेंशनर्स 1. श्री लल्लू सिंह (85 वर्ष), 2. श्री शिवपूजन सिंह (84 वर्ष) तथा 3. श्री सैय्यद दीन (74 वर्ष), को सॉल व छड़ी भेंट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन श्री कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री वेदमणि मिश्रा, पुलिस पेंशनर्स के पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे ।